आरिफ मोहम्मद खां
Arif Mohammed Khan

राज भवन
पटना-800022
RAJ BHAVAN
PATNA-800022

सत्यमेव जयते

**राज्यपाल, बिहार**
**GOVERNOR OF BIHAR**

# संदेश

दुर्गापूजा एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

दुर्गापूजा और विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है। हमारी परंपरा में माँ दुर्गा की उपासना नारी शक्ति के प्रति सम्मान की भावना को प्रकट करती है, वहीं प्रभु श्रीराम का आदर्श जीवन मर्यादा, सत्यनिष्ठा, करुणा, सेवा और त्याग जैसे शाश्वत मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मेरी कामना है कि यह त्योहार राज्य एवं देश में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये तथा प्रत्येक के जीवन में साहस, संयम और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे।

मैं बिहारवासियों से अपील करता हूँ कि वे इस त्योहार को आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाएँ ताकि हमारी गौरवपूर्ण सांस्कृतिक परम्परा समृद्ध हो सके।

(आरिफ मोहम्मद खां)

Phone : 0612-2786100-107, Fax : 0612-2786178
e-mail : governorbihar@nic.in